आप एक प्रांत से दूसरे प्रांत में जाएं तो हमारे यहां भाषा अलग-अलग है, प्रांतीय भाषा अलग है, लिबास अलग है, संस्कृति अलग है, कला अलग है, शिल्प अलग है। आप पूर्वांचल में चले जाइए—मणिपुर, आसाम से शुरू कीजिए, पश्चिम में सूरत चले जाइए और हिमाचल प्रदेश से कन्या-कुमारी तक चले जाइए, हर प्रांत की अलग-अलग विविधिता है और इस विविधता में हमारी एकात्मता है। आज हम अपने देश की इस विविधता को दुनिया के बाजार में बेचने जा रहे हैं। हम टूरिज्म इंडस्ट्री को बढ़ावा देने जा रहे हैं, लेकिन उस के लिए हो क्या रहा है? मैं ने आज ही के समाचार-पत्र में पढ़ा है और यह केवल आज ही की बात नहीं है, पिछले कई सालों से समाचार-पत्रों में निकल रहा है कि एशिया के देशों में, खासकर टूरिज्मज़म इंडस्ट्री को बढ़ावा देने के लिए और यह जो एड्स की बीमारी फैली है, उस के कारण टूरिज्म इंडस्ट्री का एक बड़ा भारी लिंकेज है "सैक्स ट्रेड"। महोदय, इस सैक्स ट्रेड में 8,10,12 साल की बच्चियों का इस्तेमाल किया जाता है ताकि एच॰आई॰वी॰ इनफेक्शन न हो, एड्स की बीमारी न फैले। महोदय, नेपाल की ट्रायबल लड़कियों को मंगवाया जाता है। बांग्लादेश की 8-10 साल की लड़कियों को मंगवाया जाता है यह भुलावा देकर कि बिना दहेज के शादी कराएंगे तो हम कहां जा रहे हैं? एक तरफ हम अपनी ट्रेड इंडस्ट्री के नाम पर, टूरिज्म इंडस्ट्री के नाम पर यह सब देख रहे हैं और दुनिया में बैंकाक, थाइलैंड और फिलिपींस की जो कहानी है, उसे कौन नहीं जानता है? हम भी उसी तरह से उसी कैटेगरी में जा रहे हैं और साथ में यह दोनों भी रोएंगे कि हमारी नंगी तस्वीर पोस्टर में सिनेमा हॉल के बाहर न लगे, पत्रिका में नहीं छपे। तो ये दोनों चीजें एक साथ नहीं हो सकती हैं। आखिर हमारी प्रायरिटीज़ क्या हैं? यह तो होता रहेगा, चाहे सरकार किसी की भी रहे। उस से कोई फर्क नहीं पड़ता। भारत में कोई-न-कोई सरकार तो रहेगी। ठीक है, आजादी के बाद इतने दिनों तक कांग्रेस की सरकार रही। इन्दिरा गांधी एक औरत थीं, वह भी रहीं प्रधान मंत्री। उन्होंने भी हिन्दुस्तान की बाकी औरतों के दुख दर्द को नहीं समझा। उन बातों पर नहीं सोचा। आने वाली सरकार क्या कर पाएंगी, मुझे नहीं मालूम। लेकिन, निश्चित रूप से जिस समाज में यहां तक इतनी बड़ी बीमारी रहेगी वह समाज कतई आगे नहीं बढ़ सकता है। जिस समाज में स्त्री की अवमानना, छोटे छोटे बच्चों का इस तरह का फिजिकल वायलेन्स होता रहेगा तो वह समाज कभी आगे नहीं बढ़ सकता है। हम यूरोप नहीं हो सकते, हम अमरीका नहीं हो सकते। हमारी प्रायरिटीज में फर्क है। अब इन देशों में भी, दुनियां के विकसित देशों, यूरोप और अमरीका के देशों में भी रिथिंकिंग शुरू हो गई है कि हम जहां जा रहे हैं क्या वही सच्चाई है, क्या वही सच्चा रास्ता है? आखिर हम किस रास्ते पर जाना चाहते हैं? इस बारे में रिथिंकिंग शुरू हो गई है।

उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं यह कहना चाहती हूं कि पुस्तकों की जो छपाई होती है उसमें औरतों के बारे में अगर किसी भी तरह की कोई इनडिसेंट बात हो, किसी भी तरह की कोई ऐसी तस्वीर हो जो आपत्तिजनक हो, तो वह कतई नहीं छपना चाहिए। पोस्टर, मैगजीन, पीरिएडिकल्स, यह सब कतई इस तरह के नहीं छपने चाहिएं, जिसमें वलगर डिसप्ले आफ ह्यूमन बाडी, वीमेन

बोडी हीप साथ साथ प्रोनोग्राफिक लिटरेचर कतई नहीं छपना चाहिए। हम इसके ऊपर बेन लगाते हैं, लेकिन आज के दिनों में ब्ल्यू-फिल्म की तो भरमार है। यह बात तो उपाध्यक्ष महोदय, आप भी जानते हैं, सारे लोग जानते हैं।

उपसभाध्यक्ष महोदय, आनन्दीबेन जी चली गई, उन्होंने सिनेमा के बारे में कहा, सही कहा। आजकल तो टेलीविजन पर जो छोटे-छोटे धारावाहिक, सीरियल आ रहे हैं, यह सब ऐसे आ रहे हैं कि जिसको आप बैठकर देख भी नहीं सकते। म्यूजिक एडवान्स के नाम पर ऐसा संगीत सुनाया जाता है, जिसको आप सुन नहीं सकते और ऐसा डान्स दिखाया जाता है, जिसको डान्स के नाम पर शर्म कहना चाहिए। जो इस तरह से वलगर डिसप्ले आफ सेक्स उसमें दिखाया जाता है, यह बड़े शर्म की बात है। आखिर हम कहां ले जाना चाहते हैं इस देश को?

महोदय, एक तरफ तो हम कहते हैं कि हम अपने देश को विकास की ओर ले जाना चाहते हैं, हम सबको ऊपर उठाना चाहते हैं, सबका कल्याण करना चाहते हैं और दूसरी तरफ हमारी आधी आबादी को हम अपमानित करते हैं और उनको अपमानित करने के लिए सरेआम बाजार में बेचते हैं। महाभारत में द्रोपदी एक दिन नंगी हुई, उनका वस्त्र हरण एक दिन हुआ था, लेकिन महाभारत के द्रोपदी वस्त्र हरण के बाद हिन्दुस्तान में हजारों-लाखों औरतें बराबर निर्वस्त्र होती रही हैं। द्रोपदी की रक्षा के लिए श्रीकृष्ण थे, आज के दिन कोई श्रीकृष्ण नहीं है।

उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं आपसे इतना ही कहकर अपनी बात खत्म करूंगी कि धर्म के नाम पर भी अगर इस तरह का सीरियल हो तो उसको भी बंद करना चाहिए क्योंकि महाभारत ने आज के हिन्दुस्तान में दुबारा नारियों को निर्वस्त्र करना शुरू किया है। बारम्बार आपने अखबारों में ऐसा पढ़ा होगा। तो इस तरह का सीरियल नहीं दिखाना चाहिए। हम यह अपमान नहीं बर्दाश्त कर सकते। आपने सीता की चर्चा की। राम के बारे में आप लोग बहुत तारीफ करते हैं-मर्यादा पुरुषोतम राम। उस चर्चा में, बहस में मैं नहीं जाना चाहती हूं। लेकिन मेरे लिए राम "मर्यादा पुरुषोत्तम" नहीं हैं, उन्होंने गर्भवती सीता को बनवास में भेजा था, इस बात को मैं भूल नहीं सकती हूं। इसलिए मैं यह चाहूंगी सरकार से कि अपनी आने वाली पीढ़ी के कल्याण के लिए हमारे छोटे-छोटे नौजवान बच्चों के लिए, हमारे अपने बेटे-बेटियों के कल्याण के लिए बहुत सोच-समझकर उसे बहुत ही सख्त कदम उठाने चाहिए। आज ही अखबार में पढ़ रही थी "बहादुरगढ़" के बारे में, "बहादुरगढ़" दिल्ली के पास का इलाका है, कि वहां तीन, चार, पांच या 6 साल की बच्चियां स्कूल जाती थीं, वहां 11 बच्चियों का किडनैप हुआ, रेप हुआ और उन्हें जान से मार दिया गया। तो यह जो मानसिकता में विकृति आई है, इसके पीछे भी यही कारण है कि समाज में एक विकृति आ गई है। इस विकृति को दूर करने के बारे में भी बहुत गहन चिंतन होना चाहिए, विचार होना चाहिए और विचार करके एक समग्र विधेयक सरकार को लाना चाहिए और उसे तत्काल पास करवाना चाहिए। धन्यवाद।

DR. (SHRIMATI.) BHARATI RAY (West Bengal): Mr. Vice-Chairman, Sir, I rise to support this Bill. Much has been discussed in this context. I will be very brief and make only a few observations

First, the term "indecent" almost defies any definition because decency and indecency are culture-specific. What is 'decent' in USA or Europe may not be regarded as 'decent' in India. For example, if a woman in a bathing suit comes out of a car and goes into a shop, we all will be shocked in India, but in the West it may be accepted as natural. In India women when they go out in the public are covered usually up to the ankle; that is Indian culture and our hon. Member, Miss Khaparde, has constructed this Bill in that context.

But then, it is a grey area, it is also a dangerous areas, in one sense. We talk of freedom of expression, freedom of thought, freedom of speech, of civil liberties and all that. Therefore, imposing restrictions can invite criticism. And also, we have to be very, very careful, extremely careful, about imposing a restriction; if we set any restriction, we have to be sure about its rationale, about why we want it, because in the name of culture, in the name of traditions, in the name of history, there may be restrictions, too many restrictions, again imposed on a woman, whatever be the form. Therefore, it is a grey area and it is very, very difficult to really define or to give definite parameters to "decency". I suppose

we have to exercise our definition and act accordingly.

Nudity has been described or identified by our hon. Member as a bench-mark of indecency and, as hon. Member Dr. Dut-ta said just now, representations of human bodies, unclothed human bodies of men, women and children have been accepted in art; we do not object to that. We appreciate, we accept that. What we object to or what we protect against is the commercialisation of the female body. You know very well, Sir, that sexist displays have become quite a norm with industry as well as advertising agencies who make huge profits at the cost of women, at the expense of women. What does it mean, a woman selling a product? As you all know,—references have been given by previous speakers—a woman, is often shown half-dressed selling a product which has nothing to do with the figure of the woman in the ad. What does it mean? These displays are but a reflection of how a woman is regarded in a consumer society—as a consumber good.

I must acknowledge and I must emphasise that nothing sells without demand. There must be demand for female body, otherwise why does it sell? That doesn't mean that we should fan the demand. How to tackle this demand is a very complex socio-psychological problem. But we must not promote it. Pornography as an industry, as is well known can grow only if it continues to increase the level of stimulation it promotes. And that, any sociologists will tell us, is related to rape and global violence against women to which hon. Member, Shrimati Kamla Sinha, was referrig. It is this, only this, which must be the rationale for prohibition of the objectification of a female body in print. This is the subject of this Bill.

But we all know that the print media has only a limited appeal in India where so many people are illiterate. The electronic media is all pervasive. I agree with Mrs. Sinha and other previous speakers that we hope that the Government will take measures to prevent commercialisation of female body through the media, be it print or electronic.

SHRI S. PETER ALPHONSE (Tamil Nadu): Mr. Vice-Chairman, I thank you for giving me this opportunity to support the Indecent Representation of Women (Prohibition) Amendment Bill, 1995. The Indian culture has seen woman only as mother. That is why we call our land as our mother-land and the language as the mother-tongue. We also call the nation as Bharat Mata. So, the Indian culture is totally different from the Western culture. Vulgarity and indecency have been imposed on us due to westernisation. On one point I differ from the views of my friends, that is, regarding the indecent representation of women. Instead of women, I think, it should be a human-being or a human person. On the other day I happened to see a magazine which was exclusively meant for ladies. In that magazine a male with well-built muscles in a simple underwear was focussed. So, indecency and vulgarity are not confined to women alone. Now the time has changed. Man is also exposed in a most indecent and vulgar manner. You see the posters and advertisements of condoms where both men and women are exposed in the same way. So, indecency is not confined to women only. It is also applicable to men.

Another question which we face is: Who is more guilty, whether the lady who poses for the picture or the man who gets her so posed? There are two different aspects to this problem. I think women should be more resistent. I request our learned lady Members that each one of them should adopt one State and visit different parts of the country when there is no session to educate women because resistance should come from them. You know what the most powerful weapon in a lady is to tease a man. That is her physique and because of that empires have fallen, Governments

have changed and very great people have been sent to prison. Who is more heinous? Who commits the bigger crime? So, we should pay attention to that aspect also. I don't think that a mere law will serve the purpose. An Indian law cannot serve the purpose. Now we are living in a satellite age. Star TV has come. Everybody wants to see the Baywatch. Men in the age group of 20 and 21 sit on Tuesdays and Fridays to see the Bay-watch. How do you stop the stellite encroachment or the commission of offence through satellite waves? So, the purpose of Parliament is to create an international opinion. It has now become a global problem. It is not a problem confined to India alone. It. has become a global problem. So, we have to create international opinion. It is more of a social question than a legal question. We have to create awareness in the minds of rural women, urban women, those women who think that they can men because of their exposure. A lot of things have to be done for social transformation. It is a right cause. It is in the right spirit. I endorse the words of my learned friend. I think apart from legislating an enactment, we should also commit ourselves to go and educate the Indian women about obscenity, and women's contribution to Indian culture.

Thank you,

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF EDUCATION IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (SHRI MUHI RAM SAIKIA): Sir, I congratulate the hon. Member, Miss Saroj Khaparde, for moving the Bill to amend the Indecent Representation of women (Prohibiton) Amendment Bill, 1995. I express my gratitude for her sincerity and keenness in moving this amendment Bill which seeks to prevent the abhorrent practice of depicting women indecently in electronic and print media and in films.

The Government had enacted the Indecent Representation of Women (Prohibiton) Act during the year 1986 with the intention of prohibiting indecent representation of women through advertisements or in publications, writings, paintings, figures or in any other manner. The violation of provisions of this Act is a cognizable offence. The responsibility for enforcing the penal provisions of the Act rests with the State Governments Since the Act is a social legislation and is still to gain wide publicity, there is a very little information from State Governments on the implementation or dissemination of the Act.

Recognising that the Act needs to be made more effective and in order to remove the lacunae in the Act, the Department of Women and Child Development initiated an exercise to comprehensively review the existing Act with the help of the National Law School of India, Bangalore.

The report submitted by the National Law School of India, Bangalore regarding amendment of the Act has been sent to the National Commission for Women for obtaining its comments. The Legislative Department, Ministry of Home Affairs and the Ministry of Information and Broadcasting have to be consulted before proposing any amendments in the Act.

Sir, some hon. Members have expressed concern over the proliferation of vulgar songs and dance sequences in films and excessive obscenity in television programmes, especially stellite TV channels. In this context, I would like to assure the House that all films intended for public exihibition in India are examined by the Central Board of Film Certification in accordance with the provisions of the Cinematograph Act, 1952 and the guidelines issued, thereunder. The Board has to ensure that human sensibilities are not offended by vulgarity, obscenity and depravity and that scenes degrading or denigrating women in any manner are not presented.

All Doordarshan programmes and advertisements including feature films and song sequences of feature films, except programmes telecast live, are previewed by Doordarshan before their telecast to ensure that no derogatory images of women go one the air. An hon. Member had suggested that artistic and scientific representation of women should be exempted from the purview of the Act. I may point out that such an exemption is already provided for under proviso (a) (i) of Section 4 of the Act. Hon. Members also drew attention to the vulgar depiction of women on satellite TV channels. The contents of the programmes and advertisements carried on foreign satellite chanels do not come within the ambit of Government regulations, however, programmes carried on cable TV are required to conform to the programme/advertisement code prescribed under the Cable Television Networks Rules, 1994. An hon. Member also suggested that Hindi films be included within the scope of the Act. Since films are already covered by the Cinematograph Act, it may not be necessary to include them under the Indecent Representation of women (Prohibition) Act. An important suggestion that the electronic media be brought within the purview of the Act has also been made. A suggestion was also made that men should not be portrayed in an indecent manner in advertisements. Since societal attitudes and mindsets which view women as inferior or as objects for exploitation cannot be merely changed through enactments, Government also' conducts multi-media compaigns to change societal attitudes towards the girl-child and women and mobilise public opinion against atrocities committed against women. A country-wide gender sensitisation programme had been launched in 1991 to sensitise planners, policy-makers and the enforcement machinery. Government also assists voluntary agencies to conduct awareness generation camp*. More than 12,000 camps, benefiting 2.70 lakh women have been conducted all over the country. Under the programme, 80 projects at a total cost of Rs. 137 lakhs have been sanctioned. The amendments suggested by Miss. Sarojji and the valuable suggestions made by other hon. members during the course of this discussion shall be kept in view while considering the changes to be made in the act. In view of the above position, I would request the hon. Member to withdraw the Bill.

THE VICE- CHAIRMAN (SHRI MD. SALIM): Miss Saroj Khaparde, he has requested vou to withdraw the Bill.

कुमारी सरोज खापर्डे (महाराष्ट्र): माननवर, इस सदन में जो विषय मैं चर्चा के लिए लाई थी, उस विषय पर मेरे दाएं, बाएं और मध्य के सदस्यों ने हिस्सा लिया। उन तमाम सदस्यों के उत्साह को देखने के बाद मुझे ऐसा महसूस हुआ कि इस चर्चा का उत्तर देने के लिए हमारे सीनियर मंत्री बोम्मई जी यहां पर उपस्थित होंगे।

आज जब मैंने इस चर्चा का उत्तर राज्य मंत्री की ओर से सुना तो मेरे मन में बड़ी तकलीफ हो रही थी। मैंने इसीलिए आपसे पुछवाया कि क्या मैं इस विषय को सदन में रेज कर सकती हूं तब कहीं जाकर मुझे आपसे जानकारी मिली कि श्री सोम्मई जी अपने दिल का इलाज कराने के लिए विदेश गये हुये थे।

उपसभाध्यक्ष (श्री मोहम्मद सलीम): इलाज पहले ही करवाया जा चुका है वे टेस्ट करवाने गये थे।

कुमारी सरोज खापर्डे: मैंने जब टेस्ट करवाने की बात सुनी तो मैंने सोचा कि इस मुद्दे को उपस्थित नहीं करूं और मेरा उस मुद्दे पर अधिक बोलने का मन भी नहीं है लेकिन मैंने मंत्री जी का जो उत्तर सुना है वह बड़ा ही असमाधानकारक रहा है। कमला जी पीछे बैठी हुई हैं, माननीय सदस्यों के साथ बातों में लगी हुई हैं। अगर उन्होंने ध्यान से सुना होता तो शायद उन्होंने भी कुछ बातों के लिए आपत्ति उठाई होती। (..व्यवधान..)

उपसभाध्यक्ष (श्री मोहम्मद सलीम): सरोज जी का कहना है कि उनके जवाब को पुरुष सदस्य बड़े ध्यान से सुन रहे हैं। आप एक मात्र दूसरी महिला सदस्या हैं, आपको भी ध्यान से सुनना चाहिए।

श्रीमती कमला सिन्हा: मैं भी ध्यान से सुन रही हूं।

कुमारी सरोज खापर्डे: महोदय, मैंने यह नहीं कहा। उपसभाध्यक्ष जी आप जान-बूझकर ऐसा कह रहे हैं। मैंने

यह कहा कि मंत्री जी का जवाब आपको सुनना था। मान्यवर, आज से एक दशक पूर्व यानी अब 1996 है, 1986 के पूर्व की यह बात है। हमारे प्रिय नेता स्वर्गीय राजीव गांधी जी ने यह महसूस किया था कि स्त्री का हमारे समाज में अशिष्टरूपण हो रहा है जिससे हमारे समाज का नैतिक पतन होता जा रहा है। इसीलिए समाज में स्त्री को एक वस्तु समझकर उसे उपभोग का साधन बनाने की कोशिश की जा रही है और उसी के परिणाम स्वरूप इस अधिनियम का सूत्रपात हुआ, इस अधिनियम का जन्म हुआ और अन्ततः इसे संसद के दोनों सदनों ने पारित किया। इससे पूर्व हमारी पूज्य नेता श्रीमती इन्दिरा गांधी जो इस देश की तत्कालीन प्रधान मंत्री थीं उन्होंने भी यह महसूस किया था कि महिलाओं, विशेषकर बालिकाओं के साथ छेड़छाड़ की घटनाएं देश में बढ़ रही हैं। मुझे इस वक्त एक बात यहां कहनी होगी, कमला जी ने अपने भाषण में कहा कि इन्दिरा जी भी इन चीजों को समझ नहीं सकीं। खैर, मेरे मतभेद आपके इस विधान के साथ हैं। मैं अपने मतभेदों को आज इस अवसर पर सदन के सामने नहीं रखना चाहूंगी, किसी और प्रसंग पर मैं आपसे इस बारे में बात करूंगी। क्योंकि इन्दिरा जी ने भी इस बात को महसूस किया। अतः इसी सदन में 1984 में महिलाओं से छेड़छाड़ संबंधी एक बिल पारित हुआ था और वह लोक सभा में स्वीकृति के लिए भेजा गया था, परन्तु उस समय लोक सभा भंग हो जाने के कारण यह विधेयक वहीं समाप्त हो गया और बाद में वह वर्तमान अधिनियम के रूप में पारित हुआ।

उपसभाध्यक्ष महोदय, स्वर्गीय राजीव गांधी जी ने इस अधिनियम को पारित करवा कर समाज को सही दिशा-निर्देश तो दिया ही था, परन्तु इसके साथ-साथ यह दुर्भाग्य की बात है कि इस अधिनियम का जिस तरीके से इम्पलीमेंटेशन होना चाहिए था, इसका कार्यान्वयन होना चाहिए था, उस तरीके से नहीं हो पाया।

सम्बद्ध विभाग कानून पारित करने के बाद बड़े आराम से निश्चिन्त हो बैठा और पुलिस के साथ कोई तालमेल न होने के कारण इस अधिनियम की कार्यवाही अपने हिसाब से ही चलती रही। उसके परिणामस्वरूप स्त्री अशिष्ट रूपण में असाधारण वृद्धि दिन-ब-दिन बढ़ती ही गई और नग्नता अपनी चरमसीमा तक पहुंच गई।

श्रीमन् मुझे बाध्य होकर अपना यह निजी गैर सरकारी विधेयक यहां संसद में प्रस्तुत करना पड़ा। इसी दरमियान अभी रिसेन्टली समाचारपत्रों में पढ़ने को मिला कि देश की राजधानी दिल्ली में पुलिस ने अश्लील पोस्टर्स के विरूद्ध एक बहुत बड़ी मुहिम छेड़ी हुई है। इसी सिलसिले में उन्होंने दो सिनेमा हॉलों के मैनेजर्स को भी गिरफ्तार किया है। मैं इसके लिए दिल्ली पुलिस का स्वागत करती हूं लेकिन साथ ही साथ उनसे यह अपेक्षा भी करती हूं कि दिल्ली देश की राजधानी है इसलिए इस प्रकार की जो मुहिम आपने छेड़ी है वह दिल्ली तक ही सीमित न रखते हुए अगर देश के बाकी प्रान्तों में भी आप इसको चलायें तो हम लोग इसके कुछ अच्छे रिजल्ट्स पा सकेंगे।

मान्यवर, 1 दिसम्बर, 1995 को मैंने अशिष्ट स्त्री रुपण (प्रतिषेध) विधेयक 95 पर सदन द्वारा विचार करने का प्रस्ताव पेश किया था। निजी क्षेत्र में यह मेरा प्रथम प्रयास रहा है इसमें कोई शक नहीं है। लेकिन मुझे खुशी इस बात की है कि मेरे इस सप्रयास का मेरे माननीय साथियों ने चाहे वे मेरे दाहिने ओर बैठे हुए भाई हो चाहे बायें ओर बैठे साथी हों....

श्री महेश्वर सिंह (हिमाचल प्रदेश): और पीछे बैठे भाई?

कुमारी सरोज खापर्डे: सभी ने मुझे समर्थन दिया है।

उपसभाध्यक्ष (श्री मोहम्मद सलीम): आपके पीछे जो लोग बैठे है उनके लिए भी तो कुछ बोलिये।

कुमारी सरोज खापर्डे: मेरे इस प्रयास को उन्होंने समर्थन देकर मेरा हौसला बढ़ाया है जिसके लिए मैं उनका तहेदिल से धन्यवाद करती हूं।

मान्यवर, 1 दिसम्बर को इन साथियों ने इस विधेयक पर चर्चा में भाग लिया उनमें प्रमुख नाम है सर्वश्री संघ प्रिय गौतम, शारदा मोहन्ती, सत्य प्रकाश मालवीय जी।

उपसभाध्यक्ष (श्री मोहम्मद सलीम): दोनों सदस्यों का कार्यकाल पूरा हो चुका है।

कुमारी सरोज खापर्डे: श्री सत्य प्रकाश मालवीय जी का यहां उल्लेख करना बहुत जरूरी है क्योंकि सारा सदन इस बात को जानता है कि उनका कार्यकाल समाप्त हो चुका है। श्री वायालार रवि, डॉ० बिप्लव दासगुप्ता जी यहां बैठे हुए नहीं हैं। हालांकि जैसा मैंने बताया हमारे साथी गौतम जी और मालवीय जी ये दोनों अवकाश ग्रहण कर चुके हैं, लेकिन उन्होंने अपने विचारों को सदन के सामने रखा, उसके लिए मैं उनका तहेदिल से शुक्रियादा करती हूं। चर्चा के दौरान बिप्लव दासगुप्ता ने कुछ बातें कहीं थी कि अपने हाथ के पकाये हुए भोजन

का हमें निमन्त्रण है, इस आश्वासन को हम भूल नहीं पाये हैं। मैं सोच रही थी कि वे यहां जरूर उपस्थित रहेंगे लेकिन वे आज कलकत्ता जरूर चले गये होंगे अदरवाइज उनको ये डर था कहीं ये सब लोग हमारे घर न चले आयें। वरना उनको अपने हाथों से खाना बनाकर हमें परोसने की नौबत आती।

उपसभाध्यक्ष (श्री मोहम्मद सलीम): आश्वासन जिन्हें मिला वे भूले नहीं और आश्वासन जिन्होंने दिया वे भूल गये?

श्रीमती चन्द्रकला पांडेय (पश्चिमी बंगाल): गुप्ता जी लाइब्रेरी में बैठे हैं।

म०प० 4.00

श्रीमती सरोज खापर्डे: इस बहस में हमारे श्री वायालार रवि जी ने, अंसारी जी ने बड़ी उत्सुकता के साथ भाग लिया। इसके लिए मैं उनका भी आभार मानती हूं। चर्चा पिछले हफ्ते भी जारी रही। उनमें जिन साथियों ने भाग लिया, वे थे, श्रीमती मालती शर्मा, श्री ईश दत्त यादव, श्रीमती उर्मिला बेन पटेल, श्री एम०ए० बेबी, श्री नरेश यादव अक्सर हाउस में रहते है लेकिन आज वह हाउस में नहीं है, श्रीमती जयन्ती पटनायक, श्रीमती चन्द्रकला पाण्डेय, श्री जान एफ० फर्नांडिस, श्री राम गोपाल यादव, श्री गिरी, श्रीमती वीणा वर्मा। महोदय, जिन्होंने आज की चर्चा में भाग लिया है वे हैं श्रीमती आनन्दीबेन पटेल, श्री बी०बी० दत्त और श्रीमती कमला सिन्हा, श्री पीटर अलफोन्से और श्रीमती भारती राय। महोदय, आप सभी ने अपने अमूल्य विचारों को जो यहां पर रखा उसके लिए मैं उनका आभार मानती हूं।

मान्यवर, इस विधेयक को सदन में प्रस्तुत करने का जो मेरा मुख्य उद्देश्य था वह उद्देश्य देश का और सरकार का ध्यान देश में बढ़ रही नग्नता की ओर आकर्षित करना था। इसके कारण समस्त देश वासना के दलदल में धंस रहा है और स्त्रियां, लड़कियां और यहां तक कि छोटी-छोटी बालिकायें भी बलात्कार का शिकार हो रही हैं। उनका न केवल देह शोषण हो रहा है बल्कि कुकर्म के बाद उनकी जघन्य हत्या भी की जा रही है। आज स्त्री कहीं भी अपने आपको सुरक्षित नहीं समझती। यहां तक कि वह अपने घर में भी सुरक्षित नहीं है। मुझे बड़ा अच्छा लगा जब कमला जी ने अपने मन से, हृदय से महिलाओं के बारे में कहा। उनको सुनने के बाद मुझे लगा कि मेरे अकेले ही ऐसे विचार नहीं है। मेरी जैसी अनेक महिलायें जो इस सदन की सदस्या हैं और जो महिलायें इस सदन में नहीं है, ऐसी भी अनेक महिलायें हैं, जिनके विचार हमारे विचारों के साथ मिलते-जुलते हैं।

श्रीमती कमला सिन्हा: आपका दर्द, मेरा दर्द, हम सब का दर्द एक है।

कुमारी सरोज खापर्डे: मान्यवर, मेरा अपना मानना है कि ऐसी घटनाओं के लिए इस भयानक मानसिकता के पीछे स्त्री का अशिष्ट-रूपण भी काफी हद तक जिम्मेदार है। क्योंकि पत्रिकाओं में, समाचार-पत्रों में, टेलीविजन पर, सिनेमा हाल में जिस प्रकार से स्त्री को नग्न प्रदर्शित किया जाता है या किया जा रहा है, उससे वासना का तूफान दिन-ब-दिन बढ़ता जा रहा है। खासकर, हम जिसे न्यू जनरेशन कहते हैं, नई युवा पीढ़ी कहते हैं, वह वासना के ऊफान में अंधी होकर कोई भी जघन्य कार्य करने के लिए तैयार हो जाती है। इस वासना के दलदल में फंसने के कारण अनेक मामलों में हम देखते हैं - सुबह उठकर अखबार के किसी भी पन्ने को खोलिए, क्या पढ़ते हैं? हम जो बात पढ़ते हैं उसको हम यहां बयान नहीं कर सकते हैं। लेकिन पढ़ते जरूर हैं और उसे पढ़ने के बाद लगता है कि पिता-पिता नहीं रहा, भाई-भाई नहीं रहा, चाचा, मामा, मौसा जैसे पवित्र रिश्ते इस वासना की आंधी में उड़ गए हैं।

मेरी अपनी मान्यता है कि इस सब की जड़ अगर हम देखें तो हमारी कमज़ोर होती जा रही संस्कृति के साथ-साथ स्त्री का अशिष्ट-रूपण भी ज़िम्मेदार है और इसे रोका जाना अत्यंत आवश्यक है।

मान्यवर, अब यहां पर व्यक्तिगत स्वतंत्रता का भी प्रश्न उठना स्वाभाविक है। कोई अपने शरीर को कैसे भी रखे चाहे वह उसका प्रदर्शन करे, चाहे वह अपनी शरीर को अपने पर्दे में रखे परन्तु व्यक्तिगत स्वतंत्रता का मतलब यह बिलकुल नहीं है कि कोई अपनी स्वतंत्रता की आड़ ले कर समाज में अशिष्ट-रूपण का ज़हर फैलाए। उदाहरण के लिए मैं यह कह सकती हूं कि जैसे हमें बोलने की पूरी स्वतंत्रता है लेकिन इसका यह मतलब नहीं होता है कि रास्ता चलने वाले को, किसी को हम कुछ गाली दे दें, अपशब्द बोलें। व्यक्तिगत स्वतंत्रता व्यक्ति तक सीमित रहनी चाहिये। यदि वह सार्वजनिक हो जाए तो फिर वह व्यक्तिगत स्वतंत्रता कैसे रह सकती है? वह जो सार्वजनिक हो चुकी है। यहां यह भी कहा जा सकता है कि स्त्री अपना अशिष्ट-रूपण स्वयं करवाती है। इसका उल्लेख, इसकी विस्तृत चर्चा, इसके बारे में विचार कमला सिन्हा जी ने अपनी बहुत अच्छे शब्दों में

सदन के सामने रखे। मैं उन सभी विचारों का आदर करती हूं और अपने आपको उनके साथ संबद्ध करती हूं। क्योंकि अशिष्ट-रूपण अगर स्त्री स्वयं नहीं करे तो जिस पैमाने पर आज उसको पैसा मिलता है, वह पैसा कैसे मिलेगा, उस पैसे के लिए स्त्री को साथ जुगाड़ करना पड़ता है। इसलिए मेरी अपना मानना है कि इस मानसिक विकृति पर, इस मानसिकता पर हमें अंकुश लगाना बहुत जरूरी है क्योंकि किसी को भी समाज में इस प्रकार का जहर फैलाने देने का हमने अधिकार नहीं दिया हुआ है और न यह अधिकार किसी को देना चाहिये, न किसी को यह अनुमति दी गई है और न देनी चाहिये। अतः कानून में संशोधन करना बहुत जरूरी है। इसलिए मैंने यह विधेयक सदन के सामने प्रस्तुत किया है। मैं सरकार से निवेदन करना चाहूंगी, मंत्री जी कहीं आप सो तो नहीं रहे हैं (व्यवधान)

कल्याण मंत्री (श्री बलवन्त सिंह रामूवालिया). हम जाग रहे हैं, हम सुन रहे हैं। (व्यवधान) आपके विचारों को सुनते सुनते गंभीर हो रहे हैं। (व्यवधान)

कुमारी सरोज खापर्डे: इतना भी गंभीर नहीं हो जाएं कि आपको गहरी नींद आ जाए। (व्यवधान) ऐसा भी नहीं होना चाहिये।

श्री राघवजी (मध्य प्रदेश): आपके भाषण को सुन कर मंत्रमुग्ध हो गये हैं। (व्यवधान)

कुमारी सरोज खापर्डे: अंत में, मैं सरकार से निवेदन करना चाहूंगी कि केवल कानून मात्र बनाने से हमारा काम चलने वाला नहीं है और आज हमें जो जरूरत है, जो आवश्यकता है, उसका पूर्ण रूप से पालन करने की और पालन करवाने की है। इसलिए मेरा सरकार को सुझाव है कि वह अपने मंत्रालय में एक विशेष प्रकोष्ठ का निर्माण करें जो पुलिस विभाग और अन्य विभागों के साथ तालमेल रखे तथा कानून का सख्ती से पालन करें और पालन करवाएं अन्यथा सख्त कानून के बावजूद यह जहर समाज में फैलता रहेगा और वासना का दानव हमारे समाज को एक दिन निगल कर ही चैन लेगा। अतः समय रहते चेतने की हमारे समाज को जरूरत है। मान्यवर। मंत्री जी ने इस संदर्भ में उचित कार्यवाही करने का हमें आश्वासन दिया है और मुझे पूरी आशा है कि इसे वे अवश्य पूरा करेंगे। अतः मैं अपना यह निजी विधेयक जो चर्चा के लिए सदन के सामने रखा है और जैसा कि यहां सरकार की तरफ से मंत्री जी ने निवेदन किया है अपना विधेयक वापस लेने के लिए वापस लेने की सदन से इजाजत चाहूंगी और इन्हीं शब्दों के साथ धन्यवाद।

The Bill was, by leave, withdrawn.

THE STATE OF PONDICHERRY BILL, 1992

SHRI V. NARAYANASAMY (PONDICHERRY): Sir, I beg to move:

> "That that Bill to provide for the establishment of the State of Pondicherry and for matters connected therewith, be taken into consideration."

Mr. Vice-Chairman, Sir, thank you for giving me this opportunity to move the state of Pondicherry Bill, 1992. I had also the first opportunity in 1994 to introduce a Bill for giving reservation to *dalit* Christians..These Bills had been pending in this House, though they were in the larger interest of the backward community. Now I have got the second chance to move in this august House the Bill relating to my State, namely, the State of Pondicherry Bill, 1992. Though it is a small Union Territory, it has got its separate identity. Sir, this country had been ruled by several rulers. In South, we had Chera, Chola, Pandya and the Pondicherry was under the Pallava dynasty. Sir, when the Britishers were occupying other States, Pandicherry was under the French regime. Just like the Britishers, French businessmen came to our State. Thereafter, in a war between the Pallavas and the French, they occupied this territory and started ruling this State. Sir, it had five pockets, namely, Karaikal near Thanjavur District, Mahe Tellicherry in Kerala, Yenam, which is near Kakinada in Andhra Pradesh and there was another place like Chandranagure in West Bengal. Subsequently, we have given up that area because of geographical conditions and because we were not able to reach there and administer those territories. Sir, in 1954, there was as *de facto* transfer. Because the French rulers had occupied this area, there was a referendum in our